महिला भागीदारी से विद्युत-विकास में लगेंगे पंख

■ मरूधर आईना

www.marudharaaina.com

कानाराम प्रजापति ।

फुलेरा(निस)। ग्राम काचरोदा में सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरनमेंट एंड पीपल (सीईईपी) एवं ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में फुलेरा के विद्युत क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा हुई। चर्चा में सीईईपी की सुशीला मुर्मू ने आवश्यक सेवा के रूप में बिजली, कार्यदक्षता के मापदंड, शिकायत निवारण पद्धति तथा दैनिक जीवन में इसके महत्व एवं विकास में इसकी भूमिका को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में काचरोदा ग्राम की 20 से ज्यादा घरेलु एवं सामाजिक कार्यो से जुड़ी महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने भिन्न-भिन्न गतिविधियों द्वारा जाना की कैसे एक महिला सक्रिय भागीदारी से बिजली की बेहतर आवक एवं समस्या का त्वरित समाधान करवा सकती है तथा अपने लिए विकास के आयामों को मजबूत कर सकती है।

ग्रामीण मानव कल्याण संस्थान के निदेशक सुलेमान शेख ने कहा कि आमजन विद्युत सम्बंधित जन चेतना एवं शिकायत निवारण कार्य करते आये है,

लेकिन महिलाओं के साथ यह पहला प्रयोग है तथा उम्मीद है कि महिला भागीदारी से संगठित विकास को बल मिलेगा। कार्यशाला में शामिल संभागी महिलाओं ने भी अपने विचार रखे जिसमें सामाजिक विकास में लैंगिक समानता की आवश्यकता, बिजली बचत में महिलाओं की भागीदारी तथा उत्तम बिजली सेवाओं को हासिल करने से परिवार की कुल आये में बढ़ोतरी होगी इस मौके पर अनेक महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।